न्यायालय सहायक कलक्टर एवं पदेन् उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी : सुश्री धायगुडे स्नेहल नाना, आई.ए.एस
राजस्व अपील संख्या : Gcms No. 2022/96
दायरा तिथि : 25.03.2022
आदेश तिथिः 14-5-22

अपीलान्ट :–
जेठाराम पुत्र मोतीराम जाति जणवा चौधरी
निवारी धणी तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान)

बनाम

रेस्पोडेन्टस :–

1. सरपंच ग्राम पंचायत धणी तहसील बाली जिला पाली
2. तहसीलदार, बाली
3. केसाराम पुत्र श्री मोतीराम जाति जणवा चौधरी
   निवारी धणी तहसील बाली जिला पाली (राज0)
4. नवाराम पुत्र श्री मोतीराम जाति जणवा चौधरी
   निवारी धणी तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान)
5. पेमाराम पुत्र श्री मोतीराम जाति जणवा चौधरी
   निवारी धणी तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान)
6. रताराम पुत्र श्री मोतीराम जाति जणवा चौधरी
   निवारी धणी तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान)

उपस्थितिः–

1. श्री नेकाराम चौधरी.............................. अभिभाषक अपीलान्ट की ओर से
2. श्री नुतनसिंह सोनीगरा .... अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 03 से 06 की ओर से
3. श्री ललितकुमार नायव तहसीलदार.........पैरोकार सरकार

–:: आदेश ::– दिनांक : 14-5-22

अपील अन्तर्गत धारा 75राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956
(विरूद्व नामान्तरकरण संख्या 1282 दिनांक 06.08.2021 जो सरपंच ग्राम पंचायत धणी द्वारा स्वीकृत किया गया)

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है। अपीलान्ट ने उक्त अपील अंतर्गत धारा 75 राजस्व अधिनियम, 1956 विरूद्ध रेस्पोडेन्टस प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम धणी तहसील बाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 132 रकबा 3.07 हैक्टर अपीलान्ट के खातेदारी की स्थित रही है। इस भूमि मेंसे 4/5 वां हिस्सा की भूमि का अपीलान्ट द्वारा दिनांक 06.08.2020 को रेस्पोडेन्ट संख्या 03 से 06 को रजिस्टर्ड बख्शीशनामा के जरिये बख्शीश किया गया। रेस्पोडेन्ट्स संख्या 03 से 06 द्वारा उक्त बख्शीशनामा के आधार पर नामान्तरकरण दर्ज करवाने की कार्यवाही की गई, तो पटवारी हल्का, धणी द्वारा त्रुटिपुर्ण तौर से संपुर्ण भूमि बावत् रेस्पोडेन्ट संख्या 03 से 06 के नाम का नामान्तरकरण संख्या 1282 दर्ज कर दिया, तथा जिसको निरीक्षक भू0अ0 की जांच के बाद सरपंच ग्राम पंचायत धणी ने भी अपने प्रस्ताव संख्या02 दिनांक 06.08.2021 से स्वीकृत कर दिया। इस प्रकार अपीलान्ट द्वारा अपनी खातेदारी भूमि धणी के खसरा नंबर 132 रकबा 3.07 हैक्टर मेंसे केवल 4/5 हिस्सा का ही बख्शीशनामा पंजिबद्ध कराने के वावजुद संपुर्ण भूमि में रेस्पोडेन्ट्स संख्या 03 से 06 का नाम दर्ज होने से अपीलान्ट द्वारा उक्त नामान्तरकरण को निरस्त कर 4/5 हिस्सा में रेस्पोडेटस संख्या 03 से 06 का नाम दर्ज करने तथा 1/5 हिस्सा में अपीलान्ट स्वयं के नाम का नामान्तरकरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया। अपनी अपील में उल्लेखित तथ्यों की पुष्टि में बतौर अभिलेखीय साक्ष्य बख्शीशनामा दिनांक 06.08.2020 की प्रति, नामान्तरकरण संख्या 1282 दिनांक 06.08.2021 की प्रति पेश की। तथा अपने पहचान पत्र की फोटो प्रति पेश की।

प्रस्तुत अपील दर्ज रजिस्टर कर रेसपोडेन्टस को सम्मन जारी किये जाने पर रेस्पोडेन्ट संख्या 03 से 06 ने व्यक्तिशः दिनांक 28.04.2022 को उपस्थित होकर जवाब पेश कर निवेदन किया कि अपीलान्ट ने दिनांक 06.08.2020 को उसकी खातेदारी भूमि धणी के खसरा नंबर 132 रकबा 3.07 हैक्टर मेंसे 4/5 हिस्सा ही रेस्पोडेन्ट्स संख्या 03 से 06 के पक्ष में बख्शीश किया था। परन्तु बख्शीशनामा के आधार पर दाखिल व स्वीकृत म्यूटेशन संख्या 1282 दिनांक 06.08.2021 से संपुर्ण रकबा भूमि में रेस्पोडेन्ट्स संख्या 03 से 06 का नाम दर्ज होना स्वीकार करते हुये विवादास्प्रद नामान्तरकरण को निरस्त कर नये सिरे से बख्शीशनामा दिनांक 06.08.2020 के अनुसार 4/5 हिस्सा में रेस्पोडेन्ट्स संख्या 03 से 06 के नाम का तथा 1/5 हिस्सा में अपीलान्ट के नाम का नामान्तरकरण दर्ज किये जाने बावत् सहमति व्यक्त की।

रेसपोडेन्टस द्वारा अपील में वर्णित तथ्यो को स्वीकार करने से प्रकरण को लोक अदालत में रखा गया। चूंकि दोनो पक्ष सहमत है। अतः पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व पक्षकारान् व उनके वकुलाय को सुनने के पश्चात् अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाती हैं। विवादास्प्रद नामान्तरकरण संख्या 1282 दिनांक 06.08.2021 निरस्त किया जाता है। प्रकरण में वर्णित भूमि ग्राम धणी के खसरा नंबर 132 रकबा 3.07 हैक्टर में माफिक बख्शीशनामा दिनांक 06.08.2020 रेस्पोडेन्ट्स संख्या 03 से 06 का 4/5 हिस्सा तथा 1/5 हिस्सा में अपीलान्ट के नाम का तहसीलदार, बाली नये सिरे से नामान्तरकरण की कार्यवाही कर पालना से अवगत करावे। इस हेतु मूल नामान्तरकरण संख्या 1282 दिनांक 06.08.2021 की पत्रावली पर उपलब्ध सत्यापित प्रति मय आदेश प्रति पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(सुश्री धायगुडे स्नेहल नाना)
आई.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी, बाली

उपखण्ड अधिकारी
बाली,जिला-पाली (राज.)

आदेश आज दिनांक 14-5-22 को मजमा–ए–आम में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

उपखण्ड अधिकारी
बाली,जिला-पाली (राज.)

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी
बाली,जिला - पाली (राज.)

Scanned with CamScanner